# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 24.12.2020**

## HINDUSTAN

पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को अपनी शिक्षा पूरी करने का मिलेगा मौका, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग की बैठक में लिया गया निर्णय

# जेसी बोस विश्वविद्यालय कामकाजी लोगों के लिए पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा शुरू करेगा

**अवसर**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद पत्रकारिता के क्षेत्र में रूचि एवं कार्य अनुभव रखने वालों के लिए पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा की शुरूआत करने जा रहा है। यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे ऐसे लोगों को अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करेगा जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा हासिल करने से वंचित रह गये। इसके अलावा, यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता में भवष्यि बनाने वालों को भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग की एक बैठक में लिया गया।

बैठक में डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, विभाग के संकाय सदस्य तथा आमंत्रित वरष्ठि पत्रकारों की उपस्थित थे। बैठक में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पत्रकारों के साथ पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर परामर्श किया। समाज के उत्थान में पत्रकारों की भूमिका एवं योगदान की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मीडिया बहुत तेज गति से वस्तिार कर रहा है और डिजिटलीकरण के साथ मीडिया के नए माध्यम उभर रहे हैं। इसलिए, इस क्षेत्र में एक औपचारिक डिग्री समय की आवश्यकता है।

कुलपति ने कहा कि पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा उन श्रमजीवी पत्रकारों एवं पेशेवर लोगों को एक अवसर देगा जो किन्हीं कारणों से अपनी औपचारिक शिक्षा पूरी नहीं कर सके। इस पाठ्यक्रम के साथ श्रमजीवी पत्रकार अपनी नौकरी को जारी रखते हुए डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं तथा मीडिया स्टडीज विभाग के साथ जुड़कर शिक्षा और उद्योग के बीच कौशल अंतर को दूर करने में सहयोग दे सकते है।




जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय। • फाइल फोटो

### दो करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो स्टूडियो होगा स्थापित

कुलपति ने कहा कि विश्विद्यालय लगभग 2 करोड रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो स्टूडियो स्थापित करने जा रहा है जो विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव के लिए सुविधा प्रदान करेगा। कुलपति ने विश्विद्यालय की विस्तार योजनाओं का जक्रि करते हुए कहा कि विश्विद्यालय का नया परिसर जोकि फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर गांव भकारी में विकसित किया जाना है, वास्तुकला का एक अनूपम उदाहरण होगा।

### विभागीय गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

डॉ. अतुल मिश्रा ने विभागीय गतिविधियों पर एक संक्षप्ति परिचय दिया। उन्होंने कहा कि विभाग ने वर्ष 2016 में पत्रकारिता और जनसंचार में एमए पाठ्यक्रम की शुरूआत की थी और हाल ही में बीए (पत्रकारिता और जनसंचार) शुरू किया है। विभाग में एमए तथा बीए पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या क्रमशः 30 और 45 सीटें हैं।

**NEWS CLIPPING: 24.12.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विवि शुरू करेगा पीजी डिप्लोमा

फरीदाबाद, 23 दिसम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद पत्रकारिता के क्षेत्र में रूचि एवं कार्य अनुभव रखने वालों के लिए पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा की शुरूआत करने जा रहा है। यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे ऐसे लोगों को अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करेगा जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा हासिल करने से वंचित रह गये।

इसके अलावा, यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता में भविष्य बनाने वालों को भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस आशय का निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग की एक बैठक में लिया गया। बैठक में डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, विभाग के संकाय सदस्य तथा आमंत्रित वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थित थे। बैठक में

## कामकाजी लोग उठा सकेंगे लाभ

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने पत्रकारों के साथ पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर परामर्श किया।

समाज के उत्थान में पत्रकारों की भूमिका एवं योगदान की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मीडिया बहुत तेज गति से विस्तार कर रहा है और डिजिटलीकरण के साथ मीडिया के नए माध्यम उभर रहे हैं। इसलिए, इस क्षेत्र में एक औपचारिक डिग्री समय की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा कि पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा उन श्रमजीवी पत्रकारों एवं पेशेवर लोगों को एक अवसर देगा जो किन्ही कारणों से अपनी औपचारिक शिक्षा पूरी नहीं कर सके। इस पाठ्यक्रम के साथ श्रमजीवी पत्रकार अपनी नौकरी को जारी रखते हुए डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं तथा मीडिया स्टडीज विभाग के साथ जु?कर शिक्षा और उद्योग के बीच कौशल अंतर को दूर करने में सहयोग दे सकते है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय लगभग 2 करोड रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो स्टूडियो स्थापित करने जा रहा है जो विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव के लिए सुविधा प्रदान करेगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय की विस्तार योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का नया परिसर जोकि फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर गांव भकारी में विकसित किया जाना है, वास्तुकला का एक अनूपम उदाहरण होगा। इससे पहले, डॉ. अतुल मिश्रा ने विभागीय गतिविधियों पर एक संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि विभाग ने वर्ष 2016 में पत्रकारिता और जनसंचार में एमए पाठ्यक्रम की शुरूआत की थी और हाल ही में बीए (पत्रकारिता और जनसंचार) शुरू किया है।

**NEWS CLIPPING: 24.12.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस शुरू करेगा पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पत्रकारिता के क्षेत्र में रूचि एवं कार्य अनुभव रखने वालों के लिए पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा की शुरूआत करने जा रहा है। यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे ऐसे लोगों को अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करेगा जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा हासिल करने से वंचित रह गये। इसके अलावा, यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता में भविष्य बनाने वालों को भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। इस आशय का निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग की एक बैठक में लिया गया।

**NEWS CLIPPING: 24.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# कामकाजी लोगों के लिए शुरू होगा पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वालों के लिए पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा की शुरूआत करने जा रहा है। यह कोर्स पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे ऐसे लोगों को अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करेगा, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा हासिल करने से वंचित रह गए। इसके अलावा यह कोर्स पत्रकारिता में भविष्य बनाने वालों को भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। यूनिवर्सिटी परिसर में लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज विभाग की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में हुई बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया। बैठक में डीन व विभागाध्यक्ष प्रफेसर अतुल मिश्रा, विभाग के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि मीडिया बहुत तेज गति से विस्तार कर रहा है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 24.12.2020**

**AMAR UJALA**

# नौकरीपेशा को पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा का मौका

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए पत्रकारिता के क्षेत्र में रूचि एवं कार्य अनुभव रखने वालों के लिए पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा की शुरुआत करने जा रहा है। यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता क्षेत्र में काम कर रहे ऐसे लोगों को अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर प्रदान करेगा जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा हासिल करने से वंचित रह गए। इसके अलावा, यह पाठ्यक्रम पत्रकारिता में भविष्य बनाने वालों को भी एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। यह निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्ट्डीज विभाग की एक बैठक में लिया गया। ब्यूरो